Roll No. : | | | | | | | | | | |

कुल प्रश्नों की संख्या : 23]
Total No. of Questions : 23]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 24
[Total No. of Printed Pages : 24

L-242301-B

हायर सेकण्डरी परीक्षा / Higher Secondary Examination

विषय : लेखाशास्त्र

Subject : Accountancy

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 80
[Maximum Marks : 80

सामान्य निर्देश :-

General Instructions :-

(i) प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभाजित है- (अ), (ब) एवं (स)
Question paper is divided in three sections (A), (B) and (C).

(ii) खण्ड (अ) के सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
All question of section (A) are compulsory.

(iii) खण्ड (ब) एवं (स) में से कोई भी एक खण्ड हल करना है।
Solve any one section from section (B) and (C).

(iv) प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए।
Write all answers of each section in same place.

(v) अधिकतम शब्द सीमा का उल्लेख सिर्फ सैध्दान्तिक प्रश्नों के लिए है।
Maximum word limit is only for the theoretical question.

खण्ड - (अ)

Section - (A)

(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

(Partnership Firms and Company Accounting)

निर्देश: खण्ड-(अ) के सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रश्न क्रमांक 1 से 6 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 1 शब्द या 1 वाक्य में देना है तथा वस्तुनिष्ठ प्रश्न भी है।

Instruction: All question of Section - (A) are compulsory. Question No. 1 to 6 are very short answer type questions carrying 1 mark each. Answer the questions in 1 word or 1 sentence and objective type questions are also there.

वस्तुनिष्ठ प्रश्न:

Objective Type Question:

प्रश्न-1 सबसे कम मूल्य होता है - **[1]**

(अ) कुत्ते के स्वभाव वाली ख्याति का

(ब) बिल्ली के स्वभाव वाली ख्याति का

(स) चूहे के स्वभाव वाली ख्याति का

(द) उपर्युक्त सभी का

Which of the goodwill have least value -

(a) Dog natured goodwill

(b) Cat natured goodwill

(c) Rat natured goodwill

(d) All of the above

प्रश्न-2 वसूली खाते की प्रकृति है -

(अ) नाममात्र खाते के समान
(ब) सम्पत्ति खाते के समान
(स) व्यक्तिगत खाते के समान
(द) दायित्व खाते के समान

Realization account is -

(a) Nominal A/c
(b) Assets A/c
(c) Personal A/c
(d) Liabilities A/c

प्रश्न-3 समता अंशधारी है -

(अ) कंपनी के लेनदार
(ब) कंपनी के स्वामी
(स) कंपनी के ग्राहक
(द) इनमें से कोई नहीं

Equity shareholders are -

(a) Creditors of Company
(b) Owners of Company
(c) Customers of Company
(d) None of these

प्रश्न-4 साझेदारी व्यापार में अधिकतम सदस्य संख्या कितनी होती है?

What is the maximum number of members in partnership business?

प्रश्न-5 वसूली खाते में संम्पत्तियों को किस कीमत पर हस्तांतरित किया जाता है?

At which value the assets of a dissolved firm are transferred to realization A/c?

प्रश्न-6 अवकाश ग्रहण की दशा में चिट्ठे में प्रदर्शित सामान्य संचय साझेदारों के मध्य किस अनुपात में बाँटते है?

At the time of retirement the reserve shown in balance sheet is distributed among the partner in which ratio?

निर्देश: प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।

Instruction: Question No. 7 to 10 are short answer type questions. Each question carries 3 marks. Maximum word-limit of answer is 50 words.

प्रश्न-7 साझेदारी फर्म के विघटन पर कौन - कौन से खाते बनाये जाते है? [3]

Which accounts are opened when a firm is dissolved?

प्रश्न-8 गायत्री लिमिटेड ने एक मशीन 40,000 रु. में हीरा ट्रेडर्स से क्रय की। इसके प्रतिफल में उन्होंने आधी राशि नगद तथा शेष के लिए प्रति 10 रु. वाले समता अंश (पूर्णदत्त) निर्गमित किये। गायत्री लि. की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। [3]

Gayatri Ltd. purchased one machine worth Rs. 40,000 from Hira Ltd. Half amount was paid in cash and for balance amount equity share @ Rs. 10 each were issued pass necessary journal entries in the book of Gayatri Ltd.

प्रश्न-9 अंश लिमिटेड ने एक कम्पनी से 1,90,000 रु. के मूल्य की सम्पत्तियाँ खरीदी तथा क्रय मूल्य के भुगतान के प्रतिफल में 100 रु. वाले 2,000, 12% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% बट्टे पर किया। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। [1½+1½ =3]

Ansh Ltd. purchased assets of Rs. 1,90,000 from a company and for its consideration issued 2000, 12% debentures of Rs. 100 each at 5% discount. Give necessary Journal entries.

प्रश्न-10 विनीता के पास 'A' लिमिटेड के 20 रु. वाले 100 अंश थे, जो सममूल्य पर निर्गमित किये गये थे। उसने 4 रुपये आवेदन पर, 5 रु. आवंटन पर, 5 रु. प्रथम याचना पर प्रति अंश दिए, किन्तु अंतिम याचना के 6 रु. प्रति अंश भुगतान नही कर सकी। उसके अंशो का हरण कर लिया गया। पंजी प्रविष्टिया कीजिए। **[3]**

Vinita had 100 shares of Rs. 20 each of 'A' Ltd which was issued at par. She paid Rs. 4 on application, Rs. 5 on allotment, Rs. 5 on first call but last call Rs. 6 was not paid by her. Her shares were forfeited. Pass Journal entry.

निर्देश: प्रश्न क्रमांक 11 एवं 12 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

Instruction: Question No. 11 and 12 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice.

प्रश्न-11 'यश', 'राशि' और 'खुशी' साझेदार है जो लाभ-हानि क्रमश: 2:2:1 में बाँटते है। उनकी पूंजी क्रमश: 10,000 रु., 8,000 रु. और 6,000 रु. है। वर्ष के अंतिम खाते बना लेने के पश्चात ज्ञात हुआ कि पूंजी पर 5% वार्षिक ब्याज साझेदारों के पूंजी खातें में क्रेडिट नही किया गया जैसा कि साझेदारी संलेख में देना तय था। चिट्ठा बदलने के स्थान पर यह निश्चय हुआ कि नये वर्ष के प्रारम्भ में आवश्यकतानुसार साझेदारों के पूंजी खाते डेबिट या क्रेडिट कर समायोजित किये जाये। समायोजन प्रविष्टि दीजिए। **[4]**

Yash, Rashi and Khushi are partners, their profit and loss ratio is 2:2:1, their capital were Rs. 10,000, Rs. 8,000 and Rs. 6,000 respectively. At the end of the year they came to know that interest on capital was not credited @ 5%

p.a. which was to be allowed as per agreement. Instead of altering the signed balance sheet. It was decided to make an adjustment entry in the capital account of partners at the beginning of next year. Give necessary journal entries.

अथवा

OR

'अ', 'ब' और 'स' एक फर्म में साझेदार है जो लाभ-हानि का विभाजन 5:3:2 के अनुपात में करते है। इनकी पूंजी क्रमश: 30,000 रु., 20,000 रु. तथा 10,000 रु. थी। वर्ष 2015 में पूंजी पर ब्याज 8% वार्षिक के स्थान पर 10% वार्षिक दर से क्रेडिट किया गया था। त्रुटि सुधार के लिए आवश्यक समायोजन प्रविष्टि दीजिए।

A, B and C are partners in a firm sharing profit and loss in the ratio of 5:3:2. Their capital were Rs. 30,000, Rs. 20,000 and Rs. 10,000 respectively. For the year 2015, interest on capital was credited to them @ 10% p.a. instead of 8% p.a. Pass the necessary adjustment entry for rectification of the error.

प्रश्न-12 ख्याति की गणना करने की विधियाँ कौन-कौन सी है? किन्ही दो विधियों को समझाइये। [1+1+1+1=4]

What are the different methods of valuation of goodwill? Explain any two.

अथवा

OR

ख्याति उत्पन्न होने के कारणों को समझाइये। (कोई चार)

Explain the causes of creation of Goodwill. (any four)

निर्देश: प्रश्न क्रमांक 13 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

Instruction: Question No. 13 to 15 are long answer type questions. Each question carries 6 marks. Each question has an internal choice.

प्रश्न-13 'अ' और 'ब' एक फर्म में साझेदार है जो लाभ-हानि का विभाजन 3:2 में करते है। उनकी पूँजी क्रमशः 50,000 रु. और 30,000 रु. है। पूँजी पर 6% की वार्षिक दर से ब्याज प्रभारित करना तय है तथा 'ब' को वेतन के रुप में 2500 रु. प्रति वर्ष देय है। वर्ष 2020 के दौरान पूँजी पर ब्याज के निर्धारण के पहले परन्तु 'ब' का वेतन निकालने के बाद की राशि 12,500 रु. बनती है। इसमें सकल लाभ की राशि का 5% भाग कमीशन के रुप में ऐसा कमीशन देने के पूर्व के लाभ राशी पर मैनेजर को देय है। लाभ हानि नियोजन खाता बनाइये। [6]

A and B are partners in the ratio of 3:2 with capital of Rs. 50,000 and Rs. 30,000 respectively, on which interest is payable @ 6% p.a. 'B' is entitled to a salary of Rs. 2,500 p.a. Profit for the year 2020 before allowing interest on capital but after charging 'B' salary was Rs. 12,500. The manager is entitled to a 5% commission on profit (before charging such commission).

Prepare profit and loss appropriation A/c.

अथवा

OR

निभा व रंजना एक फर्म में साझेदार है। 1 जनवरी 2015 को उनकी पूँजी क्रमशः 25,000 रु. और 20,000 रु. थी। उन्हे पूँजी पर 8% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज दिया जाता है तथा उनके आहरणों पर 12% ब्याज लगाया

जाता है। निभा ने 1 जुलाई 2015 को 10,000 रु. फर्म को ऋण के रूप में दिए। रंजना 5,000 रु. वार्षिक वेतन की अधिकारी है। उनके आहरणों पर ब्याज क्रमशः 600 रु. व 500 रु. लगाया गया। 31 दिसम्बर 2015 को समाप्त वर्ष का लाभ उपर्युक्त समायोजन के पूर्व 25,000 रु. था। वर्ष 2015 का लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।

Nibha and Ranjana are partners in a firm whose capital on 1st January 2015 were Rs. 25,000 and Rs. 20,000 respectively. They are allowed interest on capital @ 8% p.a. and interest on drawings is charged @ 12% p.a. Nibha gave Rs. 10,000 to the firm as a loan on 1st July 2015. Ranjana is entitled to get an annual salary of Rs. 5,000. Interest charged on their drawings were Rs. 600 and Rs. 500 respectively. The profit for the year ended on 31st December 2015 before making above adjustment was Rs. 25,000.
Prepare profit and loss appropriation A/c for 2015.

प्रश्न-14 X और Y 3:1 के साझेदार है। 31 दिसम्बर 2014 को उनका चिट्ठा निम्नलिखित है- **[6]**

दायित्व	राशि	सम्पत्ति	राशि
लेनदार	10,000	अधमर्ण	16,000
पूँजी		स्कंध	20,000
X 30,000		फर्नीचर	2,000
Y 10,000	40,000	भवन	24,000
देय बिल	12,000		
	62,000		**62,000**

वे 1 जनवरी, 2014 को Z को निम्न शर्तो पर प्रवेश देते है-

(i) Z पूँजी के लिए 10,000 रु. देगा और फर्म के भावी लाभों में से 1/5 भाग के लिए 8,000 रु. ख्याति के देगा।

(ii) स्कंध व फर्नीचर का मूल्य 10% से कम करना है और अप्राप्य ऋण के लिए 5% से संचिति का सृजन किया जाएगा।

(iii) भवन का मूल्य 20% से बढाया जायेगा।

पुनर्मुल्यांकन खाता बनाइये।

X and Y were partners in the ratio of 3:1. Their Balance Sheet on 31st December 2014 was as follows:

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Creditors	10,000	Debtors	16,000
Capital A/c.		Stock	20,000
X 30,000		Furniture	2,000
Y 10,000	40,000	Building	24,000
B/P	12,000		
	62,000		62,000

They admitted Z on 1st January 2014 on the following conditions.

(i) Z should bring Rs. 10,000 as capital for 1/5th share.

(ii) Z should bring goodwill Rs. 8,000.

(iii) Reduce furniture and stock at 10%

(iv) Reserve for Bad debts at 5%

(v) Increase building by 20%

Prepare Revaluation account.

अथवा

OR

राम और बलराम एक फर्म में साझेदार है जो 3:2 में लाभ-हानि का विभाजन करते है, उनका चिट्ठा निम्न प्रकार है-

चिट्ठा

(31 दिसम्बर 2011 को)

दायित्व	राशि	सम्पत्ति	राशि
लेनदार	25,000	रोकड शेष	5,000
पूँजी लेखे राम 80,000 बलराम 35,000	1,15,000	देनदार 25,000 (-) प्रावधान 5,000	20,000
		स्कंध	35,000
		यंत्र	45,000
		भवन	35,000
	1,40,000		**1,40,000**

1 जनवरी 2012 को निम्न शर्तो पर श्याम को 1/4 भाग के लिये साझेदार बनाया

(1) भवन का मूल्य 15,000 रु. से बढ़ाना है।

(2) यंत्र का मूल्य 10,000 रु. से घटाना है।

(3) देनदारों पर डूबत ऋण के लिये प्रावधान 10% के बराबर रखना है।

(4) श्याम 20,000 रु. ख्याति के देगा।

पुनर्मुल्यांकन खाता बनाइये।

Ram and Balram are partners in a firm and profit sharing ratio is 3:2 balance sheet is as under

Balance Sheet
(as on 31.12.2011)

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Creditors	25,000	Cash Balance	5,000
Capital A/c. Ram 80,000 Balram 35,000	1,15,000	Debtors 25,000 (-) Provisions 5,000	20,000
		Stock	35,000
		Machinery	45,000
		Building	35,000
	1,40,000		**1,40,000**

On 1 Jan. 2012, Shyam was admitted for 1/4 part on following conditions.

(1) Value of building is to be increased by Rs. 15,000

(2) Cost of machinery to be reduced by Rs. 10,000

(3) Provisions for debtors to be maintained 10%.

(4) Shyam will bring Rs. 20,000 for goodwill.

Prepare Revaluation A/c.

प्रश्न-15 नीता एण्ड कम्पनी ने प्रति 20 रु. वाले 10,000 अंश निर्गमित किये। सभी अंशो के लिए आवेदन प्राप्त हो गये। इन पर राशियाँ इस प्रकार देय थी- 5 रु. आवेदन पर, 10 रु. आवंटन पर, 5 रु. याचना पर अंशो का निर्गमन कर दिया गया। सभी राशियाँ प्राप्त हो गई। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। **[6]**

Neeta and Co. issued 10,000 shares @ Rs. 20 each. Application received for all shares payable as Rs. 5 on application, Rs. 10 on Allotment and Rs. 5 on call. All the calls amount received. Pass necessary journal entries.

अथवा

OR

लोकेश कम्पनी ने 20 रु. वाले 10,000 अंश निर्गमित किये। राशियाँ इस प्रकार देय थी - 10 रु. आवेदन पर, 5 रु. आवंटन पर व शेष 5 रु. प्रति अंश याचना पर। 400 अंशो के लिए एक धारक से याचना राशि प्राप्त नही हुई। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

Lokesh Co. issued 10,000 shares of Rs. 20 each amount payable Rs. 10 on application, Rs. 5 on allotment and remaining amount Rs. 5 on call. Share holders of 400 share failed to pay call amount. Pass Journal entry in the books of the company.

निर्देश: प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 संख्यात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

Instruction: Question No. 16 to 17 are numerical questions. Each question carries 8 marks. Each question has an internal choice.

प्रश्न-16 राधे और मोहन एक फर्म में साझेदार है और वे 3:1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते है। उन्होने 31 दिसम्बर 2015 को साझेदारी समाप्त करने का निश्चय किया। उनकी आर्थिक स्थिति इस प्रकार थी - [8]

दायित्व	राशि	सम्पत्ति	राशि
लेनदार	2,700	बैंक में रोकड़	3,000
सामान्य संचय	3,000	देनदार	1,000
मोहन का ऋण	3,000	प्लाण्ट	19,700
पूँजी राधे 12,000 मोहन 12,000	24,000	भवन	9,000
	32,700		32,700

सम्पत्तियों से निम्न वसूली हुई – देनदार 900 रु. प्लाण्ट 18,000 रु. तथा भवन 7,200 रु. लेनदारों के कुल भुगतान में 2,600 रु. दिया गया। वसुली व्यय 500 रु. हुए। वसूली खाता व साझेदारों का पूँजी खाता बनाइये।

Radhe and Mohan are partners in a firm who share profit and losses in the ratio of 3:1. They decided to dissolve the firm on 31st December 2015. Their balance sheet was as follows.

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Creditors	2,700	Cash at Bank	3,000
General Reserve	3,000	Debtors	1,000
Mohan's loan	3,000	Plant	19,700
Capital Radhe 12,000 Mohan 12,000	24,000	Building	9,000
	32,700		32,700

Assets were realized as under:

Debtors Rs. 900, plant Rs. 18,000, Building Rs. 7,200, creditors were paid Rs. 2,600 in full settlement.

Dissolution expenses amount to Rs. 500.

Prepare Realization A/c and Partners capital A/c.

अथवा

OR

विवेक, विकास और विशाल एक फर्म में साझेदार है जो लाभ व हानि का विभाजन 2:2:1 के अनुपात में करते है। 31.12.2018 को उनका चिट्ठा इस प्रकार था- [5+3=8]

दायित्व	राशि	सम्पत्ति	राशि
लेनदार	24,000	रोकड़	12,000
सामान्य संचय	10,000	देनदार 16,000	
पूँजी		संचय (-) 500	15,500
विवेक 30,000		स्कंध	15,000
विकास 24,000		फर्नीचर	19,000
विशाल 12,000	66,000	भवन	38,500
	1,00,000		**1,00,000**

इस तिथि पर उन्होंने फर्म के समापन का निर्णय लिया। सम्पत्तियों से इस प्रकार वसुली हुई - देनदार 14,700 रु., स्कंध 14,000 रु. फर्नीचर 18,000 रु., भवन 41,500 रु. लेनदारों को पूर्ण भुगतान में 23,000 रु.

दिये गये वसुली के व्यय 1,000 रु. चुकाये गये वसुली खाता व साझेदारों का पूँजी खाता बनाइए।

Vivek, Vikash and Vishal are partners in a firm and share profit and loss in ratio of 2:2:1. Balance sheet as on 31.12.2018 is as under

Liabilities	Amount	Assets	Amount
Creditors	24,000	Cash	12,000
General Reserve	10,000	Debtors 16,000 (-) Reserve 500	15,500
Capital A/c. Vivek 30,000 Vikash 24,000 Vishal 12,000	66,000	Stock Furniture Building	15,000 19,000 38,500
	1,00,000		1,00,000

Firm dissolved on the above date. Assets realized as under Debtors Rs. 14,700, Stock Rs. 14,000, Furniture Rs. 18,000, Building Rs. 41,500 creditors settled at Rs. 23,000 Realization Exp. Rs. 1,000.
Prepare realization A/c. & partners capital A/c.

प्रश्न-17 राशि लिमिटेड ने 100 रु. वाले 1000, 8% ऋणपत्र निर्गमित किये। आवेदन पर 10 रु., आवंटन पर 20 रु., प्रथम याचना पर 40 रु. तथा अंतिम याचना पर 30 रु. प्रति ऋणपत्र की दर से राशि माँगी गयी। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गई। कंपनी की पुस्तको में पंजी प्रविष्टियां कीजिए। [1+1+1+1+1+1+1+1=8]

Rashi Ltd. Issued 1000, 8% debentures of Rs. 100 each. Amount payable Rs. 10 on application, Rs. 20 on allotment, Rs. 40 on first call and Rs. 30 on final call. All amount were duly received. Pass entries in the books of company.

अथवा

OR

वंश लिमिटेड ने 100 रु. वाले 10,000 अंश निर्गमित किये। इन पर 30 रु. आवेदन पर, 40 रु. आवंटन पर, 10 रु. प्रथम याचना पर तथा 20 रु. अंतिम याचना पर देय थे। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गई। कंपनी की पुस्तको में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

Vansh Ltd. issued 10,000 shares of Rs. 100 each, amount payable as Rs. 30 on application, Rs. 40 on allotment, Rs. 10 on first call and Rs. 20 on final call. All the amount were received in time. Pass necessary Journal entries in the books of the company.

खण्ड - (ब)

Section - (B)

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

(Analysis of Financial Statement)

निर्देश: प्रश्न क्रमांक 18 एवं 19 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

Instruction: Question No. 18 and 19 are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

सही विकल्प चुनिए:

Choose the correct option:

प्रश्न-18 रोकड़ में हुए परिवर्तनों के कारणों का विश्लेषण है - **[1]**

(अ) रोकड़ प्रवाह विश्लेषण (ब) कोष प्रवाह विश्लेषण

(स) प्रवृत्ति विश्लेषण (द) इनमें से कोई नहीं

Analysis of reasons for changes in cash is -

(a) Cash Flow Statement (b) Fund Flow Statement

(c) Trend Analysis (d) None of these

प्रश्न-19 तरलता अनुपात गणना हेतु सूत्र लिखिए। **[1]**

Write formula for calculating liquid ratio.

निर्देश: प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

Instruction: Question No. 20 to 22 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice.

प्रश्न-20 निम्न सूचनाओं से तरल अनुपात की गणना कीजिए। [4]

चालू देयताएँ 1,40,000 रु.

कार्यशील पूँजी 1,80,000 रु.

लेनदार 3,000 रु.

स्टॉक 1,10,000 रु.

Find out liquid ratio from the following information-

Current liability Rs. 1,40,000

Working Capital Rs. 1,80,000

Creditors Rs. 3,000

Stock Rs. 1,10,000

अथवा

OR

निम्नलिखित जानकारी से चालू अनुपात की गणना कीजिए -

कुल सम्पत्ति 1,00,000 रु.

अंशधारी कोष 60,000 रु.

गैर चालु दायित्व 20,000 रु.

गैर चालु सम्पत्तियाँ 50,000 रु.

From the following information calculate current ratio-

Total Assets Rs. 1,00,000

Share holder fund Rs. 60,000

Non-current liabilities Rs. 20,000

Non-current assets Rs. 50,000

प्रश्न-21 रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने के चार उद्देश्य लिखिए। **[4]**

Write the four objectives of cash flow statement.

अथवा

OR

रोकड़ प्रवाह विवरण बनाने के चार महत्त्व को लिखिए।

Write any four utilities importance of cash flow statement.

प्रश्न-22 हरि एण्ड कंपनी ने 31-03-2018 को समाप्त होने वाले वर्ष में 50,000 का लाभ अर्जित किया। निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर संचालन क्रियाओ से रोकड़ प्रवाह विवरण बनाइये। **[4]**

विवरण	31-03-2017	31-03-2018
स्टॉक	14,000	12,000
व्यापारिक प्राप्तियाँ	40,000	50,000
पूर्वदत्त किराया	2,000	3,000
अदत्त व्यय	4,000	3,000
व्यापारिक दायित्व	30,000	35,000

Hari and Company earned Rs. 50,000 as profit on the year ending 31-03-2018. Prepare cash flow statement from the following information on the basis of operating activities.

Particulars	31-03-2017	31-03-2018
Stock	14,000	12,000
Trade Received	40,000	50,000
Prepaid Rent	2,000	3,000
Outstanding Expenses	4,000	3,000
Trade Liabilities	30,000	35,000

अथवा

OR

निम्न सूचनाओं के आधार पर संचालन क्रियाओ से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए -

विवरण	31-03-2007	31-03-2008
लाभ-हानि खाता	1,20,000	1,10,000
देनदार	62,000	50,000
अदत्त किराया	42,000	24,000
पूर्वदत्त बीमा	4,000	8,000
लेनदार	38,000	26,000
ख्याति	76,000	80,000

Calculate the cash flow from the following operating activities.

Particular	31-03-2007	31-03-2008
Profit and Loss A/c.	1,20,000	1,10,000
Debtors	62,000	50,000
Outstanding Rent	42,000	24,000
Prepaid Insurance	4,000	8,000
Creditor	38,000	26,000
Goodwill	76,000	80,000

निर्देश: प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित है।

Instruction: Question No. 23 is long answer type question it carries 6 marks.

प्रश्न-23 वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की आवश्यकता को समझाइये। (कोई 6) **[6]**

Explain any six necessities of financial statement analysis. (any 6)

अथवा

OR

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का उद्देश्य समझाइये। (कोई छः)

Explain the objectives of financial statement analysis. (any six)

खण्ड - (स)

Section - (C)

(कम्प्युटर लेखांकन)

(Computer Accounting)

निर्देश: प्रश्न क्रमांक 18 एवं 19 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

Instruction: Question No. 18 and 19 are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

सही विकल्प चुनिए:

Choose the correct option:

प्रश्न-18 निम्नलिखित में से कौन-सा हार्डवेयर है - [1]

(अ) MS ऑफिस (ब) ग्राफिक्स

(स) मॉनीटर (द) फोटोशॉप

Which of the following is a hardware?

(a) MS Office (b) Graphics

(c) Monitor (d) Photoshop

प्रश्न-19 कम्प्यूटर में हार्डवेयर के कोई दो उदाहरण लिखिए। [1]

Write any two examples of hardware in a computer?

निर्देश: प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

Instruction: Question No. 20 to 22 are short answer type questions. Each question carries 4 marks. Each question has an internal choice.

प्रश्न-20 कम्प्यूटर की प्रमुख विशेषताओं को समझाइए (कोई चार) **[4]**

Explain the characteristics of computer. (any four)

अथवा

OR

कम्प्युटरीकृत लेखांकन प्रणाली के लाभ लिखिये (कोई चार)

Write the importance of computerized accounting system (any four)

प्रश्न-21 एक लेखा साफ्टवेयर सोर्सिंग लेने से पहले किन बातों पर ध्यान देने की आवस्यकता होती है? **[4]**

What points are kept in mind while taking any accounting software sourcing?

अथवा

OR

कम्प्यूटर की कार्यक्षमता के अनुसार वर्गीकरण समझाइये। (कोई चार)

Classify computer on its basis of efficiency. (any four)

प्रश्न-22 डेटाबेस प्रबंध प्रणाली के कार्य लिखिए (कोई चार) **[1x4=4]**

Write the functions of database management system. (any four)

अथवा

OR

स्प्रेडशीट क्या है? इसके उपयोग भी लिखिए। [1+3=4]

What is Spreadsheet? Write its uses.

निर्देश: प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित है।

Instruction: Question No. 23 is long answer type question, it carries 6 marks.

प्रश्न-23 डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम के दोष लिखिए। (कोई छः) [6]

Write demerits of Data Base Management System. (any six)

अथवा

OR

डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम के लाभ समझाइये। (कोई छः)

Explain the merits of Data Base Management System. (any six)